उत्तर प्रदेश में निवेश करेंगी नार्वे की कंपनियां

इन्वेस्ट यूपी और नार्वे-इंडिया चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के बीच हुआ एमओयू

संवाद न्यूज एजेंसी

इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अभिषेक प्रकाश और एनआईसीसीआई नॉर्वे के अध्यक्ष हेल्गे ट्रिटी ने मंगलवार को एमओयू पर हस्ताक्षर किए। -विभाग

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के साथ व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने व आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए मंगलवार को इन्वेस्ट यूपी और नार्वे-इंडिया चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एनआईसीसीआई) ने अहम एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

एमओयू पर इंवेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अभिषेक प्रकाश व एनआईसीसीआई नॉर्वे के अध्यक्ष हेल्गे ट्रिटी ने दस्तखत किए। यह रणनीतिक साझेदारी भारत-नॉर्वे व्यापार संबंधों को मजबूत करने के साथ साथ इन्वेस्ट यूपी और एनआईसीसीआई के बीच निर्बाध सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

इससे उत्तर प्रदेश में नॉर्वे के व्यवसायों के लिए निवेश का द्वार खुलेगा, जिससे यूपी को अंतरराष्ट्रीय निवेश हब बनने के लक्ष्य को मजबूती मिलेगी। यह एमओयू नॉर्वे की कंपनियों को प्रदेश के बिजनेस इकोसिस्टम के अनुकूल काम करने के लिए भी प्रेरित करेगा।

इंवेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अभिषेक प्रकाश ने बताया कि एनआईसीसीआई के प्रतिनिधिमंडल ने यूपी की आर्थिक समृद्धि और इंवेस्ट यूपी की तरफ से प्रदेश में तैयार किए गए निवेश के अनुकूल माहौल पर दृढ़ विश्वास जताया है। यह साझेदारी वैश्विक निवेशकों के प्रति यूपी की प्रतिबद्धता का उदाहरण है।